हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
7 नवंबर 2023, बरेली

PAGE NO :08 MIDDLE

टीटी में गाजियाबाद के सार्थ और सुहानी बने चैंपियन

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन।

बरेली, मुख्य संवाददाता। 10वीं श्रीराम मूर्ति मैमोरियल और तृतीय उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हो गया। पुरुष एकल में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा और महिला एकल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों को 60 हजार रुपये की पुरस्कार राशि बांटी गई।

अंतिम दिन एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलिज में रोमांचक मैच खेले गए। पुरुष एकल के फाइनल में सार्थ मिश्रा ने लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव को मैराथन मुकाबले में 4-11, 11-8, 7-11, 13-11, 11-9 से हराया। महिला एकल के फाइनल में सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही आरती चौधरी को 9-11, 13-11, 11- 6 से मात दी। यूथ ब्वॉयज अंडर-19 ब्वॉयज में उलटफेर देखने मिला। देश में द्वितीय वरीयता प्राप्त दिव्यांश श्रीवास्तव को यूपी में दूसरी वरीयता प्राप्त श्रीधर जोशी ने 11-7, 11-8, 4-11, 11-7 को सेमीफाइनल में हरा दिया।